POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 26.02.2026

थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 कटवासा बरामद

थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 34/2026 धारा 352/351(3)/109(1) बीएनएस का नामजद वांछित अभियुक्त दशरथ उर्फ राजा दशरथ पुत्र स्व0 बैसाखु नि0ग्राम सिरहिर थाना खीरी जनपद प्रयागराज को दिनांक 25.02.2026 को थाना खीरी क्षेत्र के दसौती चौराहे ग्राम सिरहिर से गिरफ्तार किया गया तथा निशांदेही पर 01 कटवासा बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 24.02.2026 को आवेदक शोभनाथ बिन्द पुत्र स्व0 दाता राम बिन्द निवासी ग्राम सिरहिर थाना खीरी जनपद प्रयागराज ने थाना स्थानीय पर दिये गये प्रार्थना पत्र बावत दिनांक 22.02.2026 को महुआ के पेड़ छांटने की बात को लेकर विपक्षी द्वारा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने व आवेदक के भाई शिवनाथ बिन्द को गांव के तालाब के पास जान से मारने की नियत से सिर पर धारदार हथियार से वार कर देने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 34/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया। घटना के समय से ही नामजद अभियुक्त की लगातार तलाश व सुरागरसी पतारसी की जा रही थी।

दिनांक 25.02.2026 को थाना खीरी क्षेत्र के दसौती चौराहे ग्राम सिरहिर से नामजद अभियुक्त दशरथ उर्फ राजा दशरथ उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा निशांदेही पर 01 कटवासा बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्त दशरथ उर्फ राजा दशरथ उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 22.02.2026 को मै अपने पशुओ को चराने के लिए तालाब की तरफ गया था। तालाब के पास ही स्थित महुआ का पेड़ छांट कर अपने पशुओ को चारा खिला रहा था तभी मेरे ही गांव के रहने वाले शिवनाथ बिन्द पुत्र स्व0 दाताराम बिन्द आकर मुझसे बहस करने लगे और मुझे भगाने लगे इसी बात को लेकर हमारे बीच कहासुनी हुई, जिसपर मैं आवेश में आ गया और उन पर हमला कर दिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

दशरथ उर्फ राजा दशरथ पुत्र स्व0 बैसाखु नि0ग्राम सिरहिर थाना खीरी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 55 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 34/2026 धारा 352/351(3)/109(1) बीएनएस थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।

बरामदगी का विवरण-

01 कटवासा (धारदार हथियार)

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 धीरज सिंह, थाना खीरी, कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 मनोज कुमार, थाना खीरी, कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 रमेश कुमार, थाना खीरी, कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 बलिराम सिंह, थाना खीरी, कमिश्नरेट प्रयागराज।